an>

Title:Need to take steps for security of vaidyas in the country.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, आपको धन्यवाद कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण और गंभीर विÂ◌ाय पर बोलने की अनुमति दी है। हम सब जानते हैं कि पिछले काफी समय से देश के विभिन्न स्थानों पर तबीबों पर हमले हो रहे हैं। कई जगह पर जानलेवा हमले भी हो रहे हैं। आप अच्छी तरह से जानते हैं कि तबीब 24 घंटे ड्यूटी पर होते हैं। जब उनके पास कोई मरीज़ लाया जाता है, हो सकता है कि वह सीरियस कंडीशन में हो, उसको कोई हार्ट की या डायबिटीज़ की या अन्य बीमारियाँ हो सकती हैं। कभी कभी ऐसी घटनाओं में मरीज़ की मृत्यु हो जाती है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन जिस हिसाब से तबीबों पर हमला किया जाता है और रिलेटिव पैनिकी हो जाते हैं वह ठीक नहीं है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूँ कि तबीबों को सुरक्षा दी जानी चाहिए, उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध करवानी चाहिए। वहाँ सीसीटीवी कैमरा लगना चाहिए और जो लोग कानून हाथ में लेकर तबीबों पर हमला करते हैं, उनको पिनलाइज़ करना चाहिए। आपका धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने की अनुमति दी।